**Seventeenth Loksabha**

an>

Title : Need to make adequate arrangement for issuance of Golden card under Ayushman Bharat Yojana in Muzaffarpur Parliamentary Constituency, Bihar -laid.

**श्री अजय निषाद (मुजफ्फरपुर):** माननीय प्रधान मंत्री जी की अति महत्वाकांक्षी योजना प्रधान मंत्री आरोग्य योजना (आयुष्मान भारत) की ओर सरकार का ध्यान आकृष्ट कर रहा हूँ । हमारे संसदीय क्षेत्र मुजफ्फरपुर के पूरे जिले में पहले चरण में 5 लाख 19 हजार लाभार्थियों को गोल्डन कार्ड वितरित करने का लक्ष्य तय किया गया है लेकिन अब तक केवल 1 लाख 22 हजार कार्ड ही वितरित हुए हैं । ऐसी परिस्थिति में लाखों लोग इस योजना के लाभ से वंचित हो रहे हैं ।

मैं सरकार से मांग करना चाहूंगा कि पूरे जिले के सभी अस्पतालों एवं प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों पर कार्ड बनाने की पर्याप्त व्यवस्था की जाए साथ ही लोगों में भी इसके लिए जागरूकता अभियान चलाया जाए ताकि द्रुत गति से कार्ड बन सके एवं लक्षित समयावधि में लोगों को कार्ड मुहैया हो सके और लोग लाभान्वित हो सकें ।